आदेश

रिट. याचिका संख्या:4851/2026 मुख्य आरक्षी ना0पु0/112511467 शानू चौधरी, कमि0 गाजियाबाद बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा दिनांक 07.04.2026 को पारित किये गये आदेश के अनुपालन में मुख्य आरक्षी ना0पु0/112511467 शानू चौधरी, कमि0 गाजियाबाद द्वारा दिनांक 19.04.2026 को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर किये गये अनुरोध पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए इस मुख्यालय के आदेश संख्या:डीजी–चार–स्था0(263)/2025/688 दिनांक 15.06.2025 द्वारा मुख्य आरक्षी ना0पु0/112511467 शानू चौधरी का कमि0 गाजियाबाद से कमि0 गौतमबुद्धनगर किया गया स्थानांतरण महिला कर्मी के पति श्री दीपक कुमार के जनपद बागपत में मुख्य आरक्षी/112331678 के पद पर नियुक्त होने के दृष्टिगत संशोधित करते हुए कमि0 गाजियाबाद से मेरठ परिक्षेत्र निजी व्यय पर स्थानान्तरित किया जाता है। कर्मी का गृह जनपद सहारनपुर है।

यह आदेश पुलिस स्थापना बोर्ड के **कार्यवृत्त सूची संख्या:एएसपी–(ई–1)–(मा0 उच्च न्याया0/अनुकम्पा)–315/2026 दिनांक 06.05.2026** में लिये गये निर्णय के अनुसार जारी किया जा रहा है।

DGP HQRS UP LKW
DG-IV-STHA-(315)/2026/379 DATE 06-05-2026

6/5/26
(राहुल मिश्रा)
अपर पुलिस अधीक्षक, स्थापना,
निमित्त पुलिस उप महानिरीक्षक, कार्मिक
उ0प्र0 लखनऊ।

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

चतुर्थ तल.(द्वितीय टावर), पुलिस मुख्यालय, गोमतीनगर विस्तार, शहीद पथ, लखनऊ–226002

संख्या:डीजी–चार–स्था0–(315)/2026/379 **दिनांक:मई 06, 2026**

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. पुलिस आयुक्त, गाजियाबाद को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया उक्त कर्मी को तत्काल कार्यमुक्त करते हुए सर्वसम्बन्धित सहित इस मुख्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें। यदि कोई प्रशासनिक/नीतिगत बाधा हो तो तत्काल इस मुख्यालय को भी अवगत कराने का कष्ट करें।
2. पुलिस महानिरीक्षक/उपमहानिरीक्षक, मेरठ परिक्षेत्र, मेरठ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया उक्त कर्मी के आगमन की सूचना से सर्वसम्बंधित सहित इस मुख्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें। यदि कोई प्रशासनिक/नीतिगत बाधा हो तो तत्काल इस मुख्यालय को भी अवगत कराने का कष्ट करें।
3. पुलिस आयुक्त, कमि0 गौतमबुद्धनगर।

संख्या तथा दिनांक वही

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को कृपया सादर सूचनार्थ प्रेषितः–

1. पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0, लखनऊ।
2. पुलिस महानिरीक्षक, स्थापना, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0, लखनऊ।